अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में दिनांक 16–11–2018 को संस्कृत विभाग के अन्तर्गत "चरित्र निर्माण" विषय पर अतिथि व्याख्यान करवाया गया । यह व्याख्यान कुमारी आयुषी, भूतपूर्व छात्रा, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ द्वारा दिया गया । उन्होंने कहा कि आज विश्व में मूल्य आधारित शिक्षा की भागीदारी कम होती जा रही है आज सभी ऊँची आय व नौकरी का मार्ग प्रशस्त करने वाली शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं जिसके कारण अविश्वास व बेईमानी बढ़ रही है नैतिक मूल्यों एवं चरित्र का पतन हो रहा है आज ज़रूरी है कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाये जो उन्हें विवेक पूर्ण व चरित्रवान बनाये, मानवता के गुणों का विकास करे तभी वे जीवन में सफल हो सकेंगें यह तभी संभव है जब उन्हें समाज परिवार व स्कूल कॉलेज में शिक्षा के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का महत्व, वैदिक मानवीय परम्परा, संस्कृति, संस्कार इत्यादि पर अपने विचार छात्राओं के साथ सांझा किए । यह कार्यक्रम संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. पूजा सैनी की देख–रेख में किया गया ।